जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, रविवार 31 अगस्त, 2025

KEDIA™
Pavitra

DIRECT TO RETAILER

DIRECT TO CUSTOMER

# FREE & FAST DELIVERY

KEDIA Pavitra → ~~C&F~~ → ~~Super Stockist~~ → ~~Wholesaler~~ → ~~Distributor~~ → Retailer

• No Middle Men • No Milawat

अशुद्ध के विरुद्ध आन्दोलन अशुद्ध के विरुद्ध

FIXED PRICE



| BESAN | DESHI CHAKKI AATA | SHARBATI WHEAT | DESHI WHEAT | SHARBATI SUPERIOR AATA | WHEAT DALIA | SUJI (SEMOLINA) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 500 g MRP ₹ 70 | 5 kg MRP ₹ 250 | 10 kg MRP ₹ 650 | 10 kg MRP ₹ 450 | 5 kg MRP ₹ 350 | 500 g MRP ₹ 40 | 500 g MRP ₹ 40 |

T&C Apply.

ALSO LAUNCHING

RICE • WHOLE SPICES • POWDER SPICES • PULSES • EDIBLE OILS • DRY FRUITS • BREWS • SWEETENERS

ORDER ON WEBSITE

ORDER ON APP

ORDER ON CALL
1800-120-2727

ORDER ON WHATSAPP

# बाढ़ग्रस्त गांवों का जॉइंट सर्वे कराकर ड्रेनेज सिस्टम के लिए प्रोजेक्ट बनाएं : ऊर्जा मंत्री

- 'जलभराव के स्थान चिन्हित करें, टूटी सड़कों की मरम्मत कर सुगम बनाएं'
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को इन्द्रविहार स्थित आवास पर पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने सिमलिया, सांगोद, दीगोद, कनवास, विनोद खुर्द में जलभराव वाले क्षेत्रों में नाला एवं डायवर्जन चैनल निर्माण की बजट घोषणा के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। वहीं विधायक कोष, नरेगा के कार्यों की भी समीक्षा की।

ऊर्जा मंत्री ने जिला कलेक्टर से फोन पर बात कर ड्रेनेज सिस्टम, नाला सफाई, जल निकासी आदि को लेकर प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, दीगोद क्षैत्र के निमोदा आदि गांवों में इरिगेशन, पीडब्ल्यूडी, सीएडी का जॉइंट सर्वे कराने के लिए भी कहा। ऊर्जा मंत्री नागर ने अधिकारियों से कहा कि जलभराव वाले स्थानों को अभी से चिन्हित कर भविष्य में जलभराव ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। तालाब, नाला, सड़क आदि के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी कार्यों की अधिकारी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बरसात के दिनों में उखड़ी हुई सड़कों के तुरंत दुरुस्तीकरण कर तत्काल राहत देने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि पूर्व में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी शमशान को लेकर निर्देश दिए थे। हर गांव में शमशान तक अप्रोच सड़क निर्माण कराया जाए। शमशान को आबादी में मानकर ही कार्य कराए जाएं। नागर ने कहा कि गांव में कीचड़ का स्थाई समाधान होना चाहिए। वहीं सड़कों की चौड़ाई भी पर्याप्त हो, इसका ध्यान रखें। सड़कों के किनारों पर जो बंबूल और झाड़ झंकार उगते हैं, उन्हें समय पर हटाया जाए।

जलभराव के स्थान पर ड्रेनेज सिस्टम पर्याप्त हो और उनकी सफाई की भी पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। नहरी पानी सड़कों को खराब ना करें इसको ध्यान में रखा जाना चाहिऐं। नागर ने कहा कि जिन डायवर्सन चैनल और नाला निर्माण की स्वीकृतियां हो चुकी हैं। उनकी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर शीघ्रता से कार्यों को धरातल उतारा जाए। ज्यादा खराब सड़कों को तुरंत ठीक कराया जाए। पुरानी स्वीकृतियों की क्रियान्विति शीघ्र हो। उन्होंने कहा कि इस बार जहां जल भराव है। वहां आगे की प्लानिंग सभी से बात करके की जाएगी। ताकि किसानों के खेतों में भरने वाले पानी से हुए नुकसान से बचा जा सके।

इस अवसर पर सांगोद प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, पीडब्ल्यूडी के एसई जगदीश प्रसाद गुप्ता, जल संसाधन विभाग के एसई एके जेमिनी, एक्सईएन अनिल मीणा, एक्सईएन सांगोद दिनेश कुमार धाकड़, एक्सईएन सुल्तानपुर अंकित बिंदल, एईएन सुनील पारेता, पवन भगत, दीपक दाधीच, नरेंद्र राठौर, प्रतिमा सोलंकी, जितेंद्र अग्रवाल, जेईएन इंदर कुमार गुर्जर, दीपक बैरवा, गोविंद व्यास, शुभम गर्ग, शिवकुमार नागर समेत विभिन्न अभियंता मौजूद रहे।



कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा की है।

# बारां में राष्ट्रीय पर्यावरण सेमीनार में शामिल होंगे विशेषज्ञ

- मुख्य वक्ता मैग्सेसे अवॉर्ड प्राप्त डॉ.राजेंद्र सिंह होंगे

**कोटा,** (निसं)। इंटेक बारां चैप्टर द्वारा दिनांक 31 अगस्त रविवार से 1 सितम्बर सोमवार तक आयोजित दो दिवसीय नेशनल एनवायरमेंट सिंपोजियम में इंटेक वाइस चेयरमैन प्रोफेसर सुखदेव सिंह द्वारा 31 अगस्त को दीप प्रज्वलन कर उदघाटन किया जाएगा।

इस नेशनल एनवायरमेंट सिंपोजियम में पूरे देश भर के 11 प्रांतों से 20 से भी अधिक पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता और पर्यावरण विशेषज्ञ भाग लेने के लिए बारां में आ रहे हैं।

इस आयोजन में राजस्थान के अलावा हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा राज्य के सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता भी शामिल हैं। इंटेक बारां चैप्टर के प्रवक्ता ने बताया कि 'शाहबाद जंगल-एक प्राकृतिक विरासत' विषय पर आयोजित इस नेशनल एनवायरमेंट सिंपोजियम में इंटेक गवर्निंग काउंसिल की टूरिज्म, चैप्टर और एनवायरमेंट सलाहकार समिति के सदस्य भी मौजूद रहेंगे जो अपने अन्य सहभागियों के साथ मंथन कर पूरे देश में लागू करवाए जाने वाली पर्यावरण नीति का मसौदा तैयार करेंगे जो देश के प्रधान मंत्री और वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली को भेजा जाएगा। इसके अलावा इस मसौदे को देश भर के सभी संसद सदस्यों द्वारा अनुमोदन हेतु भी प्रेषित किया जाएगा।

प्रवक्ता ने बताया कि इस आयोजन के प्रथम दिन उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि ज्ञानेश्वर दयाल एडिटर द डेली पायनियर नई दिल्ली होंगे वहीं मुख्य वक्ता मैग्सेसे अवॉर्ड प्राप्त डॉ.राजेंद्र सिंह होंगे।

कार्यक्रम के इस सत्र में अध्यक्षता समाजसेवी भामाशाह और उद्योगपति और चेयरमैन इंटेक एडवाईजरी कमेटी बारां के अध्यक्ष विष्णु कुमार साबू द्वारा की जाएगी वहीं बारां नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन और समाजसेवी भामाशाह जयनारायण हल्दिया विशिष्ट अतिथि होंगे।

सत्र का संचालन जितेन्द्र कुमार शर्मा कन्वीनर भारतीय सांस्कृतिक निधि वराह नगरी बारां अध्याय द्वारा किया जाएगा।

दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण कार्यकर्ता रोबिन सिंह उत्तरप्रदेश भाग लेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लायंस क्लब श्रीजी के संरक्षक कुंज बिहारी नागर,भोज शोध संस्थान धार के निदेशक डॉ.दीपेन्द्र शर्मा, मुरैना के इंटेक कन्वीनर अशोक कुमार शर्मा सहभागिता करेंगे।

इस सत्र में डॉ. राधेश्याम गर्ग आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ अध्यक्ष होंगे वहीं कोटा चम्बल संसद के संयोजक और शाहबाद घाटी संरक्षण संघर्ष समिति बारां के संरक्षक बृजेश विजयवर्गीय पत्रवाचन करेंगे।

इसी सत्र में सरायपाली छत्तीसगढ़ के यशवंत चौधरी भी अपना पत्रवाचन करेंगे। पत्रवाचनों का विषय क्रमशः

शाहबाद जंगल के विविध उपादान:- ईको टूरिज्म की संभावनाएं और उनकी निरंतरता में खतरे तथा भारत में कम होती जा रही वनों की प्रतिशतता-कारण और निवारण होगा। इस दूसरे सत्र में यंग इंटेक कन्वीनर कुमार शामी द्वारा सत्र संचालन किया जाएगा।

# देवनारायण जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली

- गुर्जर ने समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**छबड़ा** (निसं)। गुर्जर समाज के आराध्य भगवान श्री देवनारायण के जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे विभिन्न प्रकार की झाँकिया आकर्षक का केंद्र रही। इससे पूर्व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल थे। विशिष्ट अतिथि श्रीवीर गुर्जर विकास समिति जिलाध्यक्ष रूपराजसिंह गुर्जर और लकडा धाम के करणसिंह मंचासीन रहे। यहां समाज की विभिन्न प्रतिभाओ का स्वागत-सम्मान किया गया।


वीर गुर्जर विकास समिति के तहसील अध्यक्ष डॉ. गिरिराज गुर्जर ने बताया कि शोभायात्रा का कस्बेवासियों ने जगह-जगह स्वागत द्वार व पुश्पवर्शा कर स्वागत किया। बैंसला ने यहां समाज को एकजुट रहने और बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दिया। पूर्व विधायक गुंजल ने समाज के लोगो से देशहित ओर समाजहित में कार्य करने का आग्रह किया। यहां छबड़ा एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने समाज की प्रतिभाओ को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर श्रीवीर गुर्जर विकास समिति जिलामहामंत्री रणजीत गुर्जर, छीपाबडौद तहसील अध्यक्ष रामकरण घराटीया, राजेंद्र गुर्जर, नरेंद्र गुर्जर, नरेंद्र ढोलम, देवसेना जिलाध्यक्ष दीपक गुर्जर, राकेश सरसोदिया, रामप्रसाद बरसत, रामचरण सरपंच, सोनाराम मरवाडा, रामरतन गुर्जर, मेघराज गुर्जर सहित बडी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे।

# दीपावली से पहले पशुपालकों को तोहफा-दूध की दरों में 20 पैसे की वृद्धि

**कोटा,** (निसं)। कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सरस डेयरी सभागार में डेयरी अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पशुपालकों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया, जिससे हजारों दुग्ध उत्पादकों को दीपावली से पूर्व आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। बैठक में कोटा सरस डेयरी के दुग्ध उत्पादकों को दीपावली से पहले तोहफा देते हुए संघ ने दूध की खरीद दरों में 20 पैसे की वृद्धि का निर्णय किया है।

दीपावली से पहले किसानों को मिलेगा लाभ संघ अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि बढोतरी से किसानों को दीपावली के पूर्व ही लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पशुपालक जब खुशियां मनाते हैं तो उनका दूध ही मुख्य आय का स्रोत होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए किसानों को दीपावली से पहले लाभांवित करने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। राठौड़ ने कहा कि अब डेयरी पशुपालकों से 800 रुपये प्रति किलो फैट के स्थान पर 820 रुपये प्रति किलो फैट की दर से दूध खरीदेगी। इस नई दर प्रणाली से किसानों को प्रति लीटर दूध पर लगभग 1 से 2 रुपये तक का अतिरिक्त मुनाफा होगा।

संघ के प्रबंध निदेशक दिलखुश मीणा ने बताया कि वर्तमान में संघ में प्रतिदिन औसतन 50 हजार लीटर दूध आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पशुपालकों के हितों में संघ नियमित रूप से दरों में वृद्धि करता रहता है। इसी श्रृंखला में संघ अध्यक्ष ने दूध की खरीद दरों में 20 पैसे की बढ़ोतरी दर्ज करने का निर्णय लिया है। मीणा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष महोदय के निरंतर प्रयासों से कोटा-बूंदी क्षेत्र की 450 सक्रिय समितियों के हजारों पशुपालक इस निर्णय से लाभांवित होंगे। यह संख्या इस बात को दर्शाती है कि इस निर्णय का व्यापक प्रभाव होगा।



कोटा डेयरी की बैठक अध्यक्ष चैन सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल, मासूम बालक की मौत

- ग्रामीणों ने ट्रक में तोड़-फोड़ कर दी एवं मौके पर जाम लगा दिया

**कोटा,** (निसं)। सुल्तानपुर थाना इलाके में ट्रक की टक्कर से बाईक सवार दंपति के डेढ़ वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई। हादसे में पति-पत्नी दोनो घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार ट्रक चालक द्वारा बाईक सवार को टक्कर मारने के बाद बाइक पर पीछे मां की गोद में बैठा मासूम बालक उछल कर ट्रक के टायर के नीचे आ गया, हादसे में मासूम बालक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों का गुस्सा फुट पडा और ग्रामीणो ने ट्रक में तोड़-फोड़ कर दी एवं मौके पर जाम लगा दिया। हादसे की सूचना पाकर पुलिस उप अधीक्षक इटावा शिवम जोशी एवं सुल्तानपुर थानाधिकारी जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे एवं जाम लगाकर बैठे लोगों से समझाईश की। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर निवासी शुभम प्रजापति अपनी पत्नी व डेढ़ साल के मासूम बेटे के साथ बाईक से इटावा की ओर से सुल्तानपुर आ रहा था।

वहीं ट्रक चालक कोटा की ओर से इटावा जा रहा था कि सुल्तानपुर में अचानक से रॉग साईड आने से ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाईक पर पीछे मां की गोद में बैठा डेढ वर्षीय मासूम उछलकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। जिससे बालक की मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे कोटा-श्योपुर रोड़ पर जाम लगाकर मृतक बालक के परिवार वालों को उचित मुआवजा एवं ट्रक चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

हंगामे की सूचना पर पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया गया। सूचना पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जाम लगा रहे ग्रामीणो से समझाईश कर जाम को हटवाया। सुल्तानपुर थानाधिकारी सत्यनारायण मालव ने बताया कि सल्तानपुर निवासी शुभम प्रजापति परिवार सहित बाईक से इटावा की ओर से सुल्तानपुर आ रहा था और ट्रक इटावा की ओर जा रहा था, मौके पर ट्रक रॉग साईड खड़ा था। हादसे में शुभम प्रजाति के मासूम बालक की मौत हो गई।

थानाधिकारी ने बताया कि लोगो से समझाइश की राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि मृतक बालक के परिजनों को दिलाई जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणो ने जाम को खोल दिया। बालक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। ट्रक को जब्त कर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सार-समाचार

### ऊर्जा मंत्री का अभिनंदन किया

**कोटा,** (निसं)। सांगोद विधानसभा क्षेत्र के गांव ढोठी में रीको का इंडस्ट्रियल एरिया घोषित होने पर शनिवार को कोटा आए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का लोगों ने अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, मंत्री नागर और सीएम भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के आवास पर देवली भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आभार जताया। इस अवसर पर मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से क्षेत्र में औद्योगिक और आधारभूत संरचना का विकास होगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि भी होगी। उन्होंने बताया कि कोटा जिले में गैर- प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए कनवास तहसील के ग्राम ढोटी में कुल 22.78 हैक्टेयर भूमि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह भूमि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड (रीको) को आवंटित की गई है। मण्डल अध्यक्ष विजयशंकर सैनी ने कहा कि सरकार का निर्णय पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव लाएगा। औद्योगिक वातावरण तैयार होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर जोंटी नागर, विष्णु दाधीच, भूपेंद्र नागर, चेतन मालव, शिवशंकर मालव, रामकुमार मेघवाल, राधेश्याम नागर, शिवराज नागर, हेमराज सुमन, धनराज नागर, जितेंद्र गुर्जर, रामस्वरूप सुमन, सत्यनारायण मालव, शिवराज मालव, सत्यनारायण नागर, किशन मेहरा चडावत, मनोज राठौर, पवन गौतम, हरीश सुमन, रघुराम मेहता, जुगराज वैष्णव, रघुवीर बैरागी, आत्माराम दाधीच, हरिप्रकाश बेरवा, मांगीलाल सुमन, जेपी सुमन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 'नेत्रदान पर जागरूकता कार्यशाला

**कोटा,** (निसं)। आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान द्वारा 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन एक निजि कॉलेज में किया गया, जिसमें 150 से अधिक छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को इस महान दान के लिए प्रेरित करना था। सचिव सुरेश सेडवाल ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.के.के.कांजोलिया और डॉ.महेश पंजाबी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नेत्रदान की आवश्यकता, प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉक्टरों ने तकनीकी रूप से समझाया कि किस प्रकार एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी आंखें दो नेत्रहीन व्यक्तियों को रोशनी दे सकती हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी जी.डी.पटेल, नीरजा श्रीवास्तव, अनीता , अजय गटानी और टेक्निशियन टिंकू ओझा उपस्थिति थे। नीरजा श्रीवास्तव का इस कार्यक्रम के आयोजन में अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नेत्रदान से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका डॉक्टरों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

### प्रगति मेडिकल कॉलेज ऑफ फार्मेसी रानपुर में खेल दिवस का समापन आज

**कोटा,** (निसं)। प्रगति मेडिकल कॉलेज ऑफ फार्मेसी रानपुर कोटा में मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में 2 दिवसीय खेल दिवस का दूसरा दिन समपन्न हुआ। दूसरे दिन महाविद्यालय के छात्रों ने 50 मीटर रेस, स्पून रेस एवं टग ऑफ वार खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। 50 मीटर रेस में प्रथम- मोहम्मद आवेष, द्वितीय-राकेश मेघवाल विजेता रहे, स्पून रेस में प्रथम-मोहम्मद अहद, द्वितीय- राकेश मेघवाल विजेता रहे, एवं टग ऑफ वार में मोहम्मद आवेष, रुपेश, शुभम कुमार, रोहित मेरोठा विजेता टीम में रहे। आयोजन के अंतिम दिवस पर महाविद्यालय की एच.ओ.डी. मीना शर्मा भी उपस्थित रहीं।

### ससुराल गए युवक की बाइक चोरी

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में बाईक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही हैं। दो दिन पूर्व अपने ससुराल गए एक युवक की बाईक चोरी हो गई। हरिओम बैरागी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह गुरूवार को कोली मोहल्ला स्थित ससुराल में गया था। जहां उसकी बाईक खडी की थी। वापस आकर देखा तो बाइक नहीं मिली। जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गया। उसने थाने में प्रकरण दर्ज करवा दिया है।

# कलेक्ट्रेट के सामने जे के मजदूरों का धरना जारी

**कोटा,** (निसं)। वर्षों से संघर्ष कर रहे जेके श्रमिकों के समर्थन में कम्युनिस्ट लीडर वृंदा करात ने मोर्चा खोल दिया है। सीटू के मिडिया प्रभारी मुरारीलाल बैरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि जेके फैक्ट्री के मजदूरों को बकाया वेतन भुगतान दिलाने की मांग को लेकर 18 फरवरी से चल रहा अनिश्चितकालीन धरने को आज 194वें दिन बीत चुके हैं।

इस बीच धरने की संचालक समिति के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों द्वारा अनेको बार ज्ञापन देकर अवगत कराया जा चूका है लेकिन सरकार द्वारा मजदूरों को बकाया वेतन चुकाने को लेकर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया सरकार की इस तानाशाही के खिलाफ मजदूरों मे रोष व्याप्त है मजदूरों के समर्थन मे वामपंथी पार्टी सीपीआईएम मैदान मे उतर चुकी है एक सितंबर को सीपीआईएम की राष्ट्रीय नेता वृंदा करात जेके मजदूरों के धरने को सम्बोधित करेगी।

सीटू मीडिया प्रभारी मुरारीलाल बैरवा ने कहा की जेके फैक्ट्री मालिक ने 1997 मे मुनाफे में चल रही फैक्ट्री को बन्द कर दिया। 1997 मे बन्द हुई जेके को वापस चालू करवाने को लेकर मजदूरों ने आंदोलन किया जिसमे सरकार ने मध्यस्ता करते हुए बन्द हुई जेके फैक्ट्री को वापस चालू करवाने ओर मजदूरों को रोजगार देने व बकाया वेतन भुगतान करने को लेकर एक त्रिपक्षीय समझौते के मुताबिक लीज डीड की शर्तों पर आराफ़ात पेट्रो केमिकल्स प्रा.लि.को दिया गया था जिसमे अन्य शर्तों के अतिरिक्त यह शर्त भी निहित थी, कि लीज डीड के इस एक वर्ष के भीतर फैक्ट्री को चलाया जाकर श्रमिकों को रोजगार व उनके वेतन व भत्ते दिया जाना निश्चित किया गया था।

जे के फैक्ट्री नये उद्योग को संचालित किये जाने के लिए यह सभी प्लांट एवं मशीनरी सहित फैक्ट्री आराफ़ात पेट्रो केमिकल्स प्रा. लि. को दिया गया था। जिसमे यह शर्त भी शामिल थी, कि जे के मजदूरों का भुगतान व बकाया ड्यूज एवं उन्हें देय लाभ व रोजगार उपलब्ध कराया जावे। जिसकी कोई पालना आराफ़ात ग्रुप ने नहीं कि ओर उन शर्तो को जिन्हे कि आधारित करते हुए लीज डीड जारी कि गई उनकी भी पालना नहीं कि गई, बल्कि फैक्ट्री कि करोड़ों रुपयों कि मशीनों को चौरी करके खुर्दबुर्द कर दिया गया।

# 'खुदरा किराना व्यापार संकट के दौर में, सरकार मांगों पर दे ध्यान'

**कोटा,** (निसं)। खुदरा किराना विक्रेता संघ की और से दो दिवसीय अधिवेशन का आगाज शनिवार को माहेश्वरी भवन झालावाड़ रोड पर हुआ। 30 अगस्त को कार्यकारिणी की मीटिंग की गई जिसमें नई कार्यकारिणी का चयन किए जाने पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता जयदेव सुखेजा ने बताया कि 31 अगस्त को आयोजित अधिवेशन के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे।

विशिष्ट अतिथि विधायक कोटा उत्तर शांति धारीवाल, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरेन्द्र नागर, ऑल इंडिया रिटेलर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमकार गोयल रहेंगे। मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष ओमकार गोयल ने कहा कि खुदरा किराना व्यापार संकट के दौर से गुजर रहा है, सरकार को हमारी माांगों पर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दो लाख से अधिक काउंटर बंद हो चुके हैं और आगे भी बंद होने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि देश की रीढ़ की हड्डी इस व्यापार को बंद किया जा रहा है, जिसे सरकार को बचाने की आवश्यकता है।

गोयल ने कहा कि व्यापारी परेशान किया जा रहा है। हिंदुस्तान का वर्क कल्चर खत्म होता जा रहा है। देश को फिर से सोने की चिड़िया बनाना है तो खुदरा किराना व्यापार को बचाना होगा, साथ ही यूथ के टेलेंट को बाहर जाने से रोकना होगा।

जीएसटी को लेकर कहा कि छोटी दुकान हैं उनका टैक्स एक प्रतिशत से कम कर उसे 0.25 किया जाऐं। एफएसीसीआई की लिमिट को 12 लाख से बढ़ाकर 25 लाख से अधिक किया जाए। एक ही बार लाइसेंस बनाया जाना चाहिऐं।

**ऑनलाईन से रिटेल व्यवसाय कम हुआ, मनमानी पैकिंग पर रोक लगे:-** प्रदेश अध्यक्ष रामविलास जैन ने कहा कि ऑन लाईन से रिटेल व्यापार पर फर्क पड़ा है। एफडीआई पहले 50 प्रतिशत होता था, लेकिन अब 100 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे बेरोजगारी बढ़ी है, बहारी कम्पनी पैसा कमाकर विदेश भेज रही है।

लाइसेंस प्रणाली में वन टाईम फीस ली जाए। रिटेल व्यापारी को बढ़ावा दिया जाए। राजस्थान में 50 हजार से अधिक रिटेल व्यापारी है, जो 5 लाख लोगों को प्रभावित करते हैं, सरकार हमारी मागों पर ध्यान दे, नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि कम्पनियां ऑनलाईन ठगी कर रही है। उपभोक्ता के पास माल कम पहुंच रहा है। सरकार को स्टेंडर्ड पैकिंग करनी चाहिए, मनमानी पैकिंग पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारी पर अनावश्यक पैनल्टी लगा रही है, कम्पनियों पर सरकार को कंट्रोल करना होगा।

कोटा जिला अध्यक्ष द्वारका प्रसाद खंडेलवाल ने कहा कि कोटा में शिक्षा नगरी आधी रह गई, कभी फूड एक्ट, कभी सेफ्टी एक्ट, कभी वेट का भार लादा जा रहा है।

महामंत्री गिरिराज विजयवर्गीय एवं कार्यक्रम संयोजक संदीप जैन ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का गठन होगा, शपथ ग्रहण समारोह होगा और व्यापारियों को जो समस्या आ रही है, उन पर चिंतन, मनन होगा और उसके बाद एक मांग पत्र बनाया जाएगा जो सरकार को सौंपा जाएगा ताकी हमारी मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार कर आ रही समस्याओं को दूर करें।



कोटा में खुदरा किराना विक्रेता संघ का अधिवेशन आयोजित हो रहा है।

# विजेताओं को पुरस्कृत किया

**बूंदी** (निसं)। मेरा युवा भारत केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। फिट इंडिया अभियान के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रथम दिवस कबड्डी व खो-खो की प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें विभिन्न गाँवों व क्षेत्रीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्व खेल-प्रतिभा को जिला स्तरीय मंच पर परिलक्षित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक डोगरा रहे। अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह चुंडावत ने की। विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी सचिन पाटोदिया, केन्द्र के बालूलाल वैष्णव रहे। अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि डोगरा ने कहा कि प्रधानमंत्री की फिट इंडिया मुहिम से युवाओं की खेलों की प्रति जागरूकता बढ़ी है, खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता हैं।


**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम सुधा पत्नि जुगल किशोर शर्मा था अब मैंने अपना नाम बदलकर सुधा शर्मा (SUDHA SHARMA) रख लिया है। भविष्य में मुझे सुधा शर्मा के नाम से जाना पहचाना जावे।

**पता-सुधा शर्मा, 304 हाडा संगम रेस्टोरेन्ट की गली, गुमानपुरा, कोटा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अचल सम्पत्ति भूखण्ड संख्या ए-14 (जिस पर वर्तमान में दुकान निर्मित है) वाके सब्जीमण्डी व्यवसायिक किरायेदार पुनर्वास योजना कोटा (राजस्थान) में स्थित हैं. उक्त भूखण्ड को नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवंटित श्री मुकेश शनगत के पक्ष में जरिये आवंटन पत्र दिनांक 17.08.2021 को किया गया था तत्पश्चात् मुकेश शनगत का स्वर्गवास हो गया, एवं मुकेश शनगत के स्वर्गवास के पश्चात् उनके विधिक वारिसान् श्रीमती गायत्री पत्नि स्व. मुकेश शनगत, सोनू, गणेश, विक्रम पुत्रान् स्व. मुकेश शनगत एवं गौरी पुत्री स्व. मुकेश शनगत उक्त भूखण्ड के संयुक्त रूप से मालिक व काबिज हो गये, तत्पश्चात् नगर विकास न्यास कोटा द्वारा श्रीमती गायत्री, सोनू, गणेश, विक्रम एवं गौरी के पक्ष में जरिये रजिस्ट्रर्ड पट्टा विलेख (लीज डीड) दिनांक 16.08.2023 जिसका नवीनीकरण दिनांक 06.09.2024 और पंजीयन दिनांक 06.02.2025 का जारी किया गया हैं, तत्पश्चात् श्रीमती गायत्री, सोनू, गणेश, विक्रम एवं गौरी ने उक्त भूखण्ड संख्या ए-14 (जिस पर वर्तमान में दुकान निर्मित हैं) का बेचान करने का करार श्रीमती सीमा चिमनानी से कर लिया हैं। जिस बाबत् मेरी अभिभाष्या श्रीमती सीमा चिमनानी पत्नि श्री भागचन्द चिमनानी वित्तीय संस्था LIC Housing Finance Ltd. से ऋण ले रही हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक : 30.08.2025

For : SRM PARTNERS
Office : 127, Santwani Sadan, Ballabh Bari, Kota M.: 7737426847

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/94/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई- खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाए आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगे। पूर्ण/विनिर्देश के लिए वेबसाईट "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा की मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30255005 | किट फॉर मोडिफिकेशन ऑफ जंक्शन बॉक्स असेंबली इन knorr bremse मेक LHB कोचेस. | 108 सेट | 15.9.2025 |
| 2 | 30255006 | किट फॉर मोडिफिकेशन ऑफ जंक्शन बॉक्स असेंबली इन Faiveleyh मेक LHB कोचेस. | 78सेट | 17.9.2025 |
| 3 | 38252428A | Modified बिअरिंग piece असेंबली फॉर सिंगल piece uncoupling गियर. | 39259 नंबर | 24.9.2025 |
| 4 | 40252757 | 60 KVA ट्रांसफार्मर | 27 नंबर | 24.9.2025 |
| 5 | 10255218 | सप्लाई इंस्टालेशन, commissioning एंड टेस्टिंग आफ वीडियो/ऑडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम. | 53 सेट | 25.9.2025 |
| 6 | 20254110 | सेट ऑफ labyrinth एंड बिअरिंग कैप | 288 सेट | 26.9.2025 |
| 7 | 20252096 | IOH किट | 63 सेट | 30.9.2025 |
| 8 | 61254579 | टूल किट बैग फॉर ट्रैक maintainers | 16692 नंबर | 30.9.2025 |
| 9 | 38252273 | टॉप साइड बियरर लाइनर | 18721 नंबर | 07.10.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

(हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

